## कैरियरगाइडेंसपरकंप्यूटर एप्लीकेशनविभाग द्वाराव्याख्यान का आयोजन(MOU)

**प्राचार्य डा के.एल.टांडेकर शा दिग्विजय पी जी कॉलेज राजनांदगांव के मार्गदर्शन तथा श्रीमती हेमपुष्पा विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के नेतृत्व में आज दिनांक 11–12–2023 को एम ओ ऊ कॉलेज शा. घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज बालोद से उपस्थित श्री शैलेन्द्र आर्य , सहायक प्रा. कंप्यूटर एप्लीकेशन के द्वारा कैरियर गाइडेंस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।**



न्यूज डायरी

**तकनीकी एवं नॉन तकनीक में अलग अलग क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन ब्रांच में काफी अवसर – प्रो. आर्य**

**राजनांदगांव.** प्राचार्य डा के.एल.टांडेकर शा दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव के मार्गदर्शन तथा श्रीमती हेमपुष्पा विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के नेतृत्व में आज दिनांक 11.12.2023 को एम ओ ऊ कॉलेज शा. घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज बालोद से उपस्थित शैलेन्द्र आर्य, सहायक प्रा. कंप्यूटर एप्लीकेशन के द्वारा कैरियर गाइडेंस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. शैलेन्द्र आर्य ने भविष्य में आने वाले चुनौती के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया की बीसीए डिग्री प्राप्त होने के बाद तकनीकी एवं नॉन तकनीक में अलग अलग क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन ब्रांच में काफी अवसर प्राप्त होंगे। उद्देश्य को लक्षित करने के साथ साथ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत एवं निरंतर प्रयासरत होने की जरूरत है। प्रो आर्य ने कहा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ पर्यावरण तथा लोगो का सही चयन करना भी जरूरी है जो आपके उद्देश्य को पूर्ण करने में सहयोग करते है। आगे उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वह किस तरह से सीजीपीएससी से चयनित हुए. आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं इस कार्यक्रम से छात्र छात्राओं लाभान्वित हुए. विभागाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा द्वारा भी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया. कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष राजू खूंटे एवं विभाग के समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे.




## ट्रेंड्स एवंटेक्नोलॉजीपरव्याख्यान का आयोजन(MOU)

प्राचार्य डा के.एल.टांडेकर शा दिग्विजय पीजीकॉलेजराजनांदगांव के मार्गदर्शनतथा श्रीमती हेमपुष्पाविभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशनविभाग के नेतृत्व मे दिनांक13–12–2023 कोव्याख्यान का आयोजनकियागया।कार्यक्रममेंमुख्य वक्ता के रूपमें एम ओ ऊ कॉलेजभिलाईमहिलामहाविद्यालय भिलाईनगर से श्रीदीपकदासमानिकपुरी , सहायकप्रा. कंप्यूटरसाइंसउपस्थितरहे।प्रो. मानिकपुरीजी ने वर्तमानमेंउपयोगहोनेवालेट्रेंड्स एंडटेक्नोलॉजी के बारेमेंविस्तारपूर्वकजानकारीप्रदानकिया।



वर्तमान में आधुनिक तकनीक का उपयोग चरम सीमा पर-प्रो.दीपक दास मानिकपुरी

दिग्विजय कॉलेज में ट्रेंड्स एवं टेक्नोलॉजी पर व्याख्यान का आयोजन

राजनांदगांव(दावा)। प्राचार्य डॉ के.एल.टांडेकर शासकीय दिग्विजय पी.जी कॉलेज के मार्गदर्शन तथा श्रीमती हेमपुष्पा विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के नेतृत्व में व्याख्यान का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में एम.ओ.यू. कॉलेज भिलाई महिला महाविद्यालय भिलाई नगर से दीपक दास मानिकपुरी, सहायक प्रा. कंप्यूटर साइंस उपस्थित रहे। प्रो. मानिकपुरी ने वर्तमान में उपयोग होने वाले ट्रेंड्स एंड टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आधुनिक तकनीक का उपयोग चरम सीमा पर है तथा आगे भी ऐसे नए ट्रेंड्स एवं टेक्नोलॉजी पर रिसर्च जारी है। जो आने वाले समय में बहुत लाभदायी होगी। कुछ वर्तमान में उपयोग की जाने वाली सॉफ्टवेयर और वेबसाइट के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत किया जैसे यूटीएस (टिकट बुकिंग) के महत्व, वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया। साथ ही साथ उन्होंने केवाईसी के महत्व को भी बताया।

आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रो. मानिकपुरी के इस व्याख्यान से छात्र-छात्राएं काफी लाभान्वित हुए। विभागाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा आज के व्यस्त शेड्यूल में नए ट्रेंड्स एवं टेक्नोलॉजी की उपयोगिता बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. मानिकपुरी का धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष राजू खूंटे एवं विभाग के समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।




**ROLE OF SOFTWARE OR WEBSITE IN CURRENT SCENARIO(MOU)**

प्राचार्य डा के.एल.टांडेकर शा दिग्विजय पीजीकॉलेजराजनांदगांव के मार्गदर्शनतथा श्रीमती हेमपुष्पाविभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशनविभाग के नेतृत्व मे दिनांक14–12–2023 कोrole of software or website in current scenarioपरव्याख्यान का आयोजनकियागया।कार्यक्रममेंमुख्य वक्ता के रूपमें एम ओ ऊ कॉलेज शा. वी.वाई.टीपीजीमहाविद्यालय दुर्ग से श्रीदिलीपसाहू , सहायकप्रा. कंप्यूटरसाइंसउपस्थितरहे।उन्होंनेबताया की सॉफ्टवेयर के लिए न्यूनतममांगप्रोग्रामिंगभाषाहोतीहै । जिसकाचयनडेवलपरअपनेभाषा के ज्ञान के अनुसारकियाजासकताहैं।




**<u>डाटासिक्योरिटीपरकंप्यूटर एप्लीकेशनविभाग द्वाराव्याख्यान का आयोजन(MOU)</u>**

प्राचार्य डा के.एल.टांडेकर शा दिग्विजय पीजीकॉलेजराजनांदगांव के मार्गदर्शनतथा श्रीमती हेमपुष्पाविभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशनविभाग के नेतृत्वमेंआजदिनांक15–12–2023 कोअथितिव्याख्यान का आयोजनकियागया।कार्यक्रममें एम ओ ऊ कॉलेजसेंटथॉमसकॉलेजभिलाईनगर से प्रो डा एस.के. मीरी , सहायकप्रा. कंप्यूटरसाइंसउपस्थितरहे।






## टेक्नोलॉजी के बढ़ते दौर पर डाटा को सुरक्षित रखना हमारी अहम जिम्मेदारी - डॉ. एस.के. मीरी

**डाटा सिक्योरिटी पर कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर शा. दिग्विजय पीजी कॉलेज राजनांदगांव के मार्गदर्शन तथा श्रीमती हेमपुष्पा विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के नेतृत्व में आज दिनांक 15 दिसंबर 2023 को अथिति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई नगर से प्रो.डॉ.एस.के. मीरी, सहायक प्रो. कंप्यूटर साइंस उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में डाटा सिक्योरिटीष के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दिया।

टेक्नोलॉजी के बढ़ते दौर पर डाटा को सुरक्षित रखना हमारी अहम जिम्मेदारी है क्यूंकि डाटा का असुरक्षित होना मतलब गोपनीय चीज अनाधिकृत उपयोगकर्ताओं के द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है। जिससे बचने के लिए डाटा सिक्योरिटी होना बहुत जरूरी है। डाटा सिक्योर करने के लिए अनेक मेथड का उपयोग किया जा रहा है जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक सोशल मीडिया ऐप में यूजर आईडी एवं पासवर्ड के द्वारा, कंप्यूटर सिस्टम में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर को सुरक्षित करने के लिए फायरवॉल का उपयोग, फाइल्स को भेजने से पहले एनक्रिप्शन एवं डिक्रिप्शन आदि का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया की डाटा सिक्योरिटी टूल जैसे डाटा डिस्कवरी टूल, फाइल एक्टिविटी मॉनिटरिंग टूल, रिस्क एनालिसिस टूल के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दिया।

आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं इस कार्यक्रम से छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए। विभागाध्यक्ष श्रीमती हेमपुष्पा द्वारा भी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। विभाग के समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।